वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 29 मई 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद पुणे में हुई संपन्न।

अभाविप शैक्षणिक परिसरों में चलाएगी 'आनंदमय सार्थक छात्र जीवन अभियान'।

अभाविप देशभर के परिसरों में छत्रपति शिवाजी राज्याभिषेक के 350 वीं वर्षगांठ पर आयोजित करेगी विविध कार्यक्रम।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक रविवार को पुणे स्थित 'महर्षि कर्वे स्त्री-शिक्षण संस्था' में सम्पन्न हुई। इस बैठक में देश भर से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठनात्मक दृष्टि से 44 प्रांतों से कुल 355 प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। 9 जुलाई 2023 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने ऐतिहासिक संगठनात्मक यात्रा के 75 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है, अभाविप के इस महत्वपूर्ण आगामी वर्ष के लिए इस राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद में विद्यार्थियों व युवाओं से जुड़े विषयों को वृहद स्तर पर अभाविप द्वारा विभिन्न अभियानों के माध्यम से संबोधित करने की कार्ययोजना निर्धारित हुई है। अभाविप स्थापना के 75 वें वर्ष का राष्ट्रीय अधिवेशन इस वर्ष 1-3 दिसंबर, 2023 दिल्ली में आयोजित होगा।

अभाविप की इस राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद में कुल चार प्रस्ताव पारित किए गए हैं, ये चार प्रस्ताव 'प्रदेश सरकारें व विश्वविद्यालय प्रशासन शिक्षा क्षेत्र की गुणवत्ता पर दें ध्यान', 'आनंदमयी सार्थक छात्र जीवन का केन्द्र बने परिसर', 'भारत विरोधी वैश्विक षड्यंत्र को परास्त करें युवा', 'स्व आधारित व्यवस्था निर्माण हेतु समाज हो अग्रसर' शीर्षक केन्द्रित हैं। इन प्रस्तावों पर अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद में विस्तृत चर्चा हुई है, अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक में पारित चार प्रस्तावों में उठाए गए विषयों पर अभाविप की सभी इकाईयां कार्य करेंगी।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के गौरवशाली अवसर को उमंगपूर्ण तरीके से मनाने निमित्त देशभर के शैक्षणिक परिसरों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। साथ ही अभाविप विद्यार्थियों के मध्य 'आनंदमय सार्थक छात्र जीवन अभियान' अभियान के अंतर्गत विविध रचनात्मक कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाएगी जिससे विद्यार्थियों का परिसर जीवन तनावमुक्त होकर आनंदमय हो सके।

विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अभाविप की आयाम,कार्य, गतिविधियों द्वारा युवाओं के नेतृत्व में कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, सेवा, तकनीकी शिक्षा, स्टार्ट अप, कला, संस्कृति आदि क्षेत्रों में युवा नेतृत्व के माध्यम से भारतीयता केन्द्रित विचार द्वारा सकारात्मक परिवर्तन के लिए विभिन्न अभियान शुरू किए जाएंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य, शिक्षा में भारतीयता केंद्रित विचार की स्थापना, पाठ्यक्रमों को वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप निर्माण, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन व विद्यार्थियों की क्रियान्वयन में सहभागिता, स्वावलंबी भारत आदि विषयों पर सार्थक चर्चा हुई इस वर्ष 21 अगस्त विश्व उद्यमिता दिवस के अवसर पर पुरे देशभर में उद्यमिता सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "अभाविप की यात्रा छात्र हित व समाज हित के स्वर्णिम अध्यायों को समेटे हुए है। वर्तमान में देश में विद्यार्थियों की बहुत बड़ी संख्या है, अभाविप वर्तमान में विद्यार्थियों की शिक्षा, स्वरोज़गार, राज्य विश्वविद्यालयों की स्थिति में सुधार, शुल्क से जुड़े विषयों पर प्रमुखता से कार्य करने के साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में युवा नेतृत्व में सकारात्मक दिशा में कार्य करेगी। अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक में पारित प्रस्तावों में उल्लेखित विभिन्न बिंदुओं को हम संबंधित स्थानों पर उठाएंगे। हमारे शैक्षणिक संस्थानों व शिक्षा क्षेत्र के हितधारकों को इस दिशा में सोचना होगा कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक समझ विकसित कर उन्हें स्टार्ट अप शुरू करने तथा रोजगार सृजक की भूमिका के लिए तैयार किया जाए। "

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)